# EXALT COLLEGE OF ENGINEERING & POLYTECHNIC

Affiliated to B.E.U

Approved by AICTE (Govt. of India) & Affiliated to AKU, Patna & SBTE

Registered Office: 311A, Ashiana Tower, Exhibition Road, Patna -1 (Bihar)

College Campus – Vill. + P.O.- Kanhauli, Hajipur-Mahua Road (Vaishali), Bihar-844122

Contact: +91 8292035915 E-mail: india.dpak54@gmail.com

# Admission Guidelines
# प्रवेश मार्गदर्शिका

## 1. ADMISSION & ENROLLMENT (प्रवेश एवं नामांकन)

1. Admission is granted strictly on the basis of eligibility criteria set by ECET and subject to submission of authentic documents.
   प्रवेश केवल ECET द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर तथा प्रामाणिक दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण पर दिया जाएगा।
2. Any misrepresentation or fraudulent document will lead to cancellation of admission without refund.
   किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या जाली दस्तावेज़ पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा और किसी प्रकार की शुल्क वापसी नहीं होगी।
3. Students must pay the prescribed admission and tuition fees as per the fee structure approved by the management.
   विद्यार्थियों को प्रबंधन द्वारा स्वीकृत शुल्क संरचना के अनुसार प्रवेश एवं शिक्षण शुल्क समय पर जमा करना अनिवार्य है।

## 2. CODE OF CONDUCT (आचार संहिता)

1. Students must maintain discipline, punctuality, and regular attendance.
   विद्यार्थियों को अनुशासन, समयपालन एवं नियमित उपस्थिति बनाए रखनी होगी।
2. Use of abusive language, misconduct, violence, or harassment of any kind will not be tolerated.
   अपशब्दों का प्रयोग, दुर्व्यवहार, हिंसा या किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक गतिविधि प्रतिबंधित है।
3. Students must carry their valid ID card inside the campus at all times.
   विद्यार्थियों को परिसर के अंदर सदैव अपना वैध पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य है।
4. Ragging is strictly prohibited as per UGC/AICTE norms. Any student found guilty will face strict disciplinary action, including expulsion.
   यूजीसी / एआईसीटीई के नियमों के अनुसार रैगिंग पूरी तरह से निषिद्ध है। दोषी पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही, यहाँ तक कि निष्कासन भी किया जा सकता है।
5. Any form of rude, indecent, or disrespectful behavior by students towards teachers or non-teaching staff is strictly prohibited. Violation of this rule will result in appropriate disciplinary action as per institutional regulations.
   किसी भी छात्र द्वारा शिक्षक अथवा गैर-शिक्षण कर्मचारियों के प्रति अशिष्ट, अभद्र या असम्मानजनक व्यवहार करना सख़्त रूप से निषिद्ध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित छात्र के विरुद्ध संस्थान के नियमानुसार उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 3. ACADEMIC POLICY (शैक्षणिक नीति)

1. Students must attend at least 75% of lectures, labs, and tutorials to be eligible for internal/external examinations.
   आंतरिक/बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों को कम से कम 75% व्याख्यान, प्रायोगिक कक्षाओं एवं ट्यूटोरियल्स में उपस्थिति दर्ज करनी होगी।
2. Academic performance will be monitored continuously through tests, assignments, projects, and examinations.
   शैक्षणिक प्रगति का निरंतर मूल्यांकन परीक्षाओं, असाइनमेंट्स, प्रोजेक्ट्स एवं टेस्ट द्वारा किया जाएगा।
3. Plagiarism or malpractice during examinations will invite disciplinary action.
   परीक्षा के दौरान नकल या कदाचार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 4. FEE & FINANCIAL POLICY (शुल्क एवं वित्तीय नीति)

1. All fees must be paid on or before the due date; late payment may attract penalties.
   सभी शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा करने होंगे; विलंब होने पर दंड लिया जा सकता है।
2. Fees once paid are non-refundable except in special cases as per college management's discretion.
   एक बार जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा, सिवाय विशेष परिस्थितियों में प्रबंधन के विवेकानुसार।
3. Scholarships or fee concessions (if any) are subject to verification and approval by the management.
   छात्रवृत्ति या शुल्क छूट (यदि कोई हो) प्रबंधन की स्वीकृति और सत्यापन के अधीन होगी।
4. If a loan is not approved under the DRCC (Students Credit Card) scheme, the student will be required to pay the entire course fee on their own.
   यदि DRCC (स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड) योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत नहीं होता है, तो छात्र को पाठ्यक्रम की पूरी फीस स्वयं वहन करनी होगी।

## 5. USE OF CAMPUS FACILITIES (परिसर सुविधाओं का उपयोग)

1. Damaging property of the college will result in fines or disciplinary action.
   कॉलेज की संपत्ति को नुकसान पहुँचाने पर जुर्माना या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
2. Internet and computer lab facilities must be used strictly for academic purposes.
   इंटरनेट एवं कंप्यूटर प्रयोगशाला का उपयोग केवल शैक्षणिक कार्यों के लिए किया जाना चाहिए।
3. Students are permitted to use campus facilities only during the authorized hours. Use of facilities beyond these hours is allowed only with prior permission from the administration.
   छात्रों को परिसर की सुविधाओं का उपयोग केवल निर्धारित समय के दौरान ही करने की अनुमति है। निर्धारित समय के अतिरिक्त इन सुविधाओं का उपयोग केवल प्रशासन की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकता है।

## 6. ATTENDANCE & LEAVE (उपस्थिति एवं अवकाश)

1. Students must apply for leave in writing, duly approved by the concerned authority.
   अवकाश हेतु विद्यार्थियों को लिखित आवेदन संबंधित प्राधिकारी से स्वीकृत कराना होगा।
2. Unauthorized absence may lead to disciplinary action.
   बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

## 7. HOSTEL & ACCOMMODATION (If Applicable) (छात्रावास एवं आवास (यदि लागू हो)

1. Hostel residents must follow hostel timings and rules.
   छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को समय-सारणी एवं नियमों का पालन करना होगा।
2. Possession or consumption of alcohol, drugs, or tobacco is strictly prohibited.
   मादक पदार्थ, नशीली दवाइयाँ या तंबाकू का सेवन/स्वामित्व पूरी तरह प्रतिबंधित है।
3. Visitors are allowed only during specified hours with prior permission.
   आगंतुक केवल निर्धारित समय पर एवं पूर्व अनुमति से ही आ सकते हैं।

## 8. SAFETY & SECURITY (सुरक्षा एवं संरक्षा)

1. Students are responsible for their personal belongings; the college will not be liable for loss/theft.
   विद्यार्थी अपने निजी सामान के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे; किसी भी प्रकार की चोरी/हानि के लिए कॉलेज उत्तरदायी नहीं होगा।
2. Fire safety, lab safety, and emergency rules must be strictly followed.
   अग्नि सुरक्षा, प्रयोगशाला सुरक्षा एवं आपातकालीन नियमों का पालन अनिवार्य है।

## 9. DIGITAL & ONLINE LEARNING POLICY (डिजिटल एवं ऑनलाइन शिक्षण नीति)

1. Students must attend online classes/exams with proper discipline and maintain academic integrity.
   विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं/परीक्षाओं में अनुशासन बनाए रखना होगा एवं शैक्षणिक ईमानदारी का पालन करना होगा।
2. Sharing, recording, or misusing study material without permission is strictly prohibited.
   अध्ययन सामग्री को बिना अनुमति साझा करना, रिकॉर्ड करना या उसका दुरुपयोग करना प्रतिबंधित है।

## 10. DISCIPLINARY ACTION (अनुशासनात्मक कार्यवाही)

1. Any violation of the above rules will invite disciplinary action ranging from warning, fine, suspension, or expulsion.
   उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर चेतावनी, जुर्माना, निलंबन या निष्कासन जैसी कार्यवाही की जा सकती है।
2. The decision of the College Management/Disciplinary Committee will be final and binding.
   अनुशासन समिति/कॉलेज प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

## 11. LEGAL JURISDICTION (विधिक क्षेत्राधिकार)

1. All disputes, if any, will be subject to the jurisdiction of the local courts where Exalt College of Engineering and Polytechnic is situated.
   किसी भी प्रकार का विवाद केवल एक्साल्ट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निक स्थित स्थानीय न्यायालय के क्षेत्राधिकार में निपटाया जाएगा।

## 12. REQUIRED DOCUMENTS (आवश्यक दस्तावेज़)

Students must submit all the required documents at the time of admission. **(Yes/No)**
छात्रों को प्रवेश के समय सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। **(हां/नहीं)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12th Marksheet<br>12वीं की अंक तालिका | | Caste Certificate<br>जाति प्रमाण पत्र | | Passport Size Photo (4P)<br>पासपोर्ट साइज फोटो (4P) | |
| 12th Migration (Original)<br>12वीं माइग्रेशन (मूल) | | Residence Certificate<br>निवास प्रमाण पत्र | | ABC ID / APAAR ID<br>एबीसी आईडी / अपार आईडी | |
| 10th Marksheet<br>10वीं की अंक तालिका | | Income Certificate<br>आय प्रमाण पत्र | | Mobile Number / Email ID<br>मोबाइल नंबर / ईमेल आईडी | |
| College/School Leaving Certificate<br>कॉलेज/स्कूल परित्याग प्रमाणपत्र (CLC/SLC) | | Aadhar Card<br>आधार कार्ड | | Signature<br>हस्ताक्षर | |

## DECLARATION (घोषणा)

By enrolling at the Study Campus of Exalt College of Engineering and Technology, every student and parent/guardian confirms that they have read, understood, and agreed to abide by the above Terms and Conditions.
मैं/हम यह घोषित करते हैं कि मैंने/हमने एक्साल्ट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अध्ययन परिसर में नामांकन हेतु निर्धारित उपर्युक्त सभी नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है तथा उन्हें पूर्ण रूप से समझ लिया है। मैं/हम कॉलेज के नियमों, विनियमों तथा अनुशासन का पालन करने के लिए सहमत हैं। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार का उल्लंघन होता है, तो कॉलेज प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णय को अंतिम एवं बाध्यकारी मानूँगा/मानेंगे।

**Student Signature & Date**
विद्यार्थी के हस्ताक्षर एवं दिनांक

**Authorized Signatory with Seal**
ECEP, Patna, Bihar

**Parent/Guardian Signature & Date**
अभिभावक/संरक्षक के हस्ताक्षर एवं दिनांक